फाइल सं. पी -11015/1/2017-पीपीसी-खंड (2)

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली: 28 नवंबर, 2017

विषय: अक्तूबर, 2017 के महीने के लिए मंत्रिमंडल हेतु सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का सार (संख्या-10)।

अक्तूबर, 2017 के महीने के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/घटनाओं को नीचे रेखांकित किया गया है:

- मंत्रालय के मीडिया एककों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर आयोजित विभिन्न समारोहों में भारत के माननीय राष्ट्रपति और माननीय प्रधान मंत्री द्वारा दी जाने वाली श्रद्धांजिली और 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के समापन को व्यापक रूप से कवर किया और उनका प्रचार किया। प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने 28 सितंबर से 13 अक्टूबर, 2017 तक देश भर में 10 बिक्री स्थानों पर पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित की। महात्मा गांधी के चंपारण आंदोलन की 100 वीं वर्ष गांठ मनाने के लिए गीत और नाटक प्रभाग (एस एंड डीडी) ने कृषि और कृषक कल्याण मंत्रालय के सहयोग से 2 अक्टूबर, 2017 को मोतीहारी में 25000 से अधिक दर्शकों की उपस्थिति में ध्वनि और लाइट कार्यक्रम 'समर यात्रा' का भी आयोजन किया।

- सूचना एवं प्रसारण और कपड़ा मंत्री श्रीमती स्मृती जूबिन ईरानी ने दिनांक 26 अक्टूबर, 2017 को "लोकतंत्र के लिए प्रसारण परिदृश्य" विषय पर सरदार पटेल स्मारक व्याख्यान 2017 दिया, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि दर्शक माप प्रणाली लोकतांत्रिक होनी चाहिए और इसमें विभिन्न संबंधित मुद्दें, जैसे- समाचार उद्योग में मौजूदा रुझान, लोक प्रसारक की प्रोफाइल, मंत्रालय के प्रयास आदि का भी उल्लेख किया। भारत के प्रथम सूचना और प्रसारण मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के सम्मान हेतु आकाशवाणी द्वारा वार्षिक व्याख्यान आयोजित किया गया था।

- मंत्रालय और इसके मीडिया एककों ने 31 अक्टूबर, 2017 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाई गयी सरदार पटेल की जन्म वर्षगांठ पर प्रतिज्ञा ली और आयोजित समारोहों/कार्यकलापों को व्यापक कवरेज प्रदान की और उनका प्रचार किया। दूरदर्शन, आकाशवाणी (एआईआर) और उनके समाचार प्रभागों द्वारा देश भर में विशेष कार्यक्रमों, साक्षात्कारों/चर्चाओं, वृत्तचित्रों आदि के जरिए पुष्पांजलि (पटेल चौक), फोटो प्रदर्शनी (सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस), फ्लैगिंग ऑफ़ समारोह, 'रन फॉर यूनिटी' और विभिन्न अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) ने प्रिंट विज्ञापन जारी किए और प्रिंट प्रचार, टीवी और रेडियो कार्यक्रम निर्माण अभियान चलाया। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने एक विशेष वेब पृष्ठ बनाया और प्रेस व फोटो विज्ञप्तियां और फ़ीचर्स जारी कीं। क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय (डीएफपी) के क्षेत्रीय एककों ने विशेष संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर व्यापक सोशल मीडिया प्रचार भी किया गया।

- मंत्रालय ने अपने मीडिया एककों के जरिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा दिनांक 5 अक्तूबर से 25 अक्तूबर, 2017 तक आयोजित 'परिवर्तन पर्व' से संबंधित आयोजनों की व्यापक कवरेज की। आकाशवाणी ने समाचार आधारित कार्यक्रमों और साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर क्षेत्रीय भाषाओं सहित अपने समाचार बुलेटिनों में आयोजनों को कवर किया। पत्र सूचना कार्यालय ने विभिन्न प्रेस विज्ञप्तियां और फाटोग्राफ जारी किए। डीएवीपी ने समाचारपत्रों में प्रिंट विज्ञापन जारी किए और एसएमएस अभियान और टीवी चैनल मीडिया योजना को क्रियान्वित किया।

- डीएफपी के क्षेत्रीय कार्यालयों ने कैरियर उन्नयन में बुनकरों और उनके परिवारों के सशक्तिकरण का महत्व दर्शाने हेतु 'हस्तकला सहयोग शिविर' प्रदर्शित करने के लिए दिनांक 7 - 17 अक्टूबर, 2017 के दौरान देश भर में 86 विशेष आउटरीच कार्यक्रम (एसओपी) आयोजित किए। गीत और नाटक प्रभाग ने भी कपड़ा मंत्रालय के हथकरघा व हस्तशिल्प समूहों के संबंध में हस्तकला सहयोग शिविर कैंपों में लगभाग 200 कार्यक्रम आयोजित किए। पत्र सूचना कार्यालय ने भी आयोजित कैंपो को विस्तृत कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

- पत्र सूचना कार्यालय ने दिनांक 24 अक्टूबर, 2017 को दिल्ली में देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर केंद्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा संबोधित एक प्रेस सम्मेलन आयोजित कराया। पत्र सूचना कार्यालय और वित्त मंत्रालय की वेबसाइटों पर मुख्य बिंदुओं पर तैयार इन्फोग्राफिक्स अपलोड किए गए और इन्हें ट्विटर पर साझा किया गया। पत्र सूचना कार्यालय ने दिनांक 6 अक्टूबर, 2017 को वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 22 वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री द्वारा मीडिया को दी गयी ब्रीफिंग को भी कवर और प्रचारित किया।

- राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) ने 28 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2017 तक आयोजित 'गुवाहाटी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह' में भारतीय सिनेमा के इतिहास को दर्शाते हुए 60 भारतीय फिल्मों के पोस्टरों की प्रदर्शनी लगायी। भारतीय फिल्म और टेलीविज़न संस्थान (एफटीआईआई), ने भी पहली बार पुणे परिसर और फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ), दिल्ली में सप्ताहांत फिल्म समालोचना पाठ्यक्रम शुरू किया।

- भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा आयोजित संचार और मीडिया में प्रेरण प्रशिक्षण के सफल समापन पर भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के बारह (12) परिवीक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर आईआईएस परिवीक्षार्थियों को बदलते संचार परिदृश्य की मांगों को पूरा करने के लिए अपने पेशेवर कौशल को लगातार उन्नत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

(के. संजय मूर्ति)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष # 23073775